कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामगोपाल शर्मा पुत्र स्व. श्री नारायण लाल 33/एफ–2,बालाजी रेजिडेन्सी I सनराईज सिटी निवारू जयपुर –302012

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील सं0 50/2019

निर्णय दिनांक : 16.12.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/2880 दिनांक 03.12.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित उनके पत्रांक 1087 दिनांक 06.12.2019 द्वारा अवगत करवाया गया कि अपीलांट के प्रार्थना पत्र को आरटीआई की धारा 6(3) के अंतर्गत प्रभारी अधिकारी(भू–अभि0) कलेक्ट्रेट दौसा को पत्रांक 915 दिनांक 17.10.2019 द्वारा स्थानान्तरित किया गया। प्रभारी अधिकारी(भू–अभि0) कलेक्ट्रेट दौसा ने तहसीलदार नांगल राजावतान को आवेदन पत्र क्रमांक 12690 दिनांक 30.10.2019 द्वारा स्थानान्तरित किया गया। तहसीलदार नांगल राजावतान ने अपने पत्रांक 2913 दिनांक 18.11.2019 द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी है। चूॅकि उक्त पत्र में अंकितानुसार आवेदक को तहसीलदार नांगल राजावतान द्वारा सूचना प्रेषित की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official